घटना

वन विभाग ने शुरू की जांच, आपसी संघर्ष की आशंका

# बालाघाट में मादा तेंदुए की संदिग्ध मौत



**नवभारत, बालाघाट।** बालाघाट जिले में वन अपराध प्रकरण क्रमांक 383/05 दिनांक 03 अप्रैल 2026 के तहत लामटा परियोजना मंडल के वारासिवनी परिक्षेत्र अंतर्गत सादाबोड़ी बीट के वनकक्ष क्रमांक 782 (टी.पी. 2020) में एक मादा तेंदुए की मृत्यु का मामला सामने आया है।

घटना की जानकारी मिलते ही विभाग ने एनटीसीए नई दिल्ली एवं मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक, भोपाल के दिशा-निर्देशों के अनुरूप त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके की घेराबंदी कर क्षेत्र को सुरक्षित किया। साथ ही डॉग स्क्वॉड की मदद से आसपास के क्षेत्र में सघन जांच की गई।

मृत तेंदुए का पोस्टमार्टम पशु चिकित्सकों की टीम—डॉ. देवव्रत डेहरिया (कटंगी), डॉ. बादल पटले (बालाघाट) एवं डॉ. शुभम उईके (खैरलांजी) द्वारा किया गया। जांच के दौरान तेंदुए के सभी अंग सुरक्षित पाए गए और कोई भी अंग गायब नहीं था। आवश्यक अवयवों को फॉरेंसिक जांच के लिए सुरक्षित कर सीलबंद किया गया है।

पोस्टमार्टम के बाद 04 अप्रैल 2026 को एनटीसीए की गाइडलाइन के अनुसार शव का विधिवत दाह/भस्मीकरण किया गया। इस दौरान मुख्य वनसंरक्षक गौरव चौधरी, वनमंडलाधिकारी नित्यानंदम एल., संभागीय प्रबंधक रामकिशन सोलंकी, तहसीलदार गीता राहंगडाले सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। पूरी प्रक्रिया की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी भी कराई गई।

वन विभाग ने मामले में वन अपराध दर्ज कर लिया है और आगे की वैधानिक कार्रवाई जारी है। प्रारंभिक जांच में तेंदुए की मौत आपसी संघर्ष के कारण होना प्रतीत हो रही है, हालांकि अंतिम पुष्टि फॉरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी।

# स्कूल चले हम अभियान के तहत भविष्य से भेंट कार्यक्रम का आयोजन



**नवभारत, खैरलांजी।** सांदीपनि शासकीय उत्कृष्ट उच्च माध्यमिक विद्यालय, खैरलांजी में 4 अप्रैल 2026 को 'कूल चलें हम' अभियान के अंतर्गत 'भविष्य से भेंट' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के प्रति जागरूक करना और उन्हें सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना रहा। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला। शिक्षकों एवं अतिथियों ने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व, करियर विकल्पों और जीवन में अनुशासन की भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में छात्रों को विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध अवसरों से अवगत कराया गया, ताकि वे अपने लक्ष्य को स्पष्ट रूप से तय कर सकें। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने भविष्य को लेकर जिज्ञासाएं व्यक्त कीं। शिक्षकों ने उनके सवालों के समाधान देते हुए उन्हें सकारात्मक सोच और निरंतर मेहनत के लिए प्रेरित किया। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं और उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति गंभीर बनाते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को 'कूल चलें हम' अभियान का संदेश देते हुए पर्यावरण संरक्षण और जिम्मेदार नागरिक बनने की शपथ भी दिलाई गई इस आयोजन ने छात्रों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया, जिससे वे अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित हुए।

मुख्यरूप से उपस्थित रहे बि. ओ. तिवारी सर,प्राचार्य शैलेन्द्र सहारे ,संकुल प्राचार्य प्यारेलाल मेश्राम , संतोष मानेश्वर स्वास्थ्य विभाग ,पत्रकार अनिल कातरे ,कैलाश सोनवाने सर ,विजय पटले सर ,हर्षिता सिहोरे मैडम ,बीजू बघेले सर एवं समस्त स्टाफ पालक गण और छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय बालाघाट को 6 .21 करोड़ की सौगात

**नवभारत, बालाघाट।** शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, बालाघाट को आधुनिक प्रयोगशालाओं एवं क्लासरूम के विकास हेतु म.प्र. शासन के तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग द्वारा 6 करोड़ 21 लाख 62 हजार रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। यह स्वीकृति अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (नई दिल्ली) द्वारा निर्धारित भवन संबंधी कमियों की पूर्ति के लिए दी गई है।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में फरवरी 2026 में आयोजित जनभागीदारी समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार, संस्था के निर्माणाधीन भवन में द्वितीय एवं तृतीय तल के निर्माण हेतु 380.61 लाख रुपये तथा 400 सीटर मल्टीपर्पस हॉल के निर्माण के लिए 241.01 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। भवन निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रारंभ कर दिया गया है।

करीब 4000 वर्गमीटर क्षेत्र में बनने वाला यह आधुनिक शैक्षणिक भवन लिफ्ट, सौर ऊर्जा, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, फायर सेफ्टी और सीसीटीवी जैसी अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त होगा। वहीं लगभग 880 वर्गमीटर में बनने वाला मल्टीपर्पस हॉल विद्यार्थियों को इनडोर खेलों और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए बेहतर मंच उपलब्ध कराएगा।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 1962 में दानवीर एम.एम. मुलना द्वारा दान किए गए भवन में स्थापित यह महाविद्यालय वर्तमान में सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल तथा कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग में त्रिवर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित कर रहा है।

## सोनेगांव में फिर शुरू हुई नल-जल योजना, प्रशासन की तत्परता से ग्रामीणों को मिली राहत



**नवभारत, बालाघाट।** बालाघाट जिले के कटंगी विकासखंड अंतर्गत ग्राम सोनेगांव में नल-जल योजना बंद होने से उत्पन्न पेयजल संकट को जिला प्रशासन ने गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की। प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद 4 अप्रैल से गांव में पुनः नल-जल योजना के माध्यम से जलप्रदाय शुरू कर दिया गया है, जिससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री श्री बी.एल. उईके ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त योजना ग्राम पंचायत सोनेगांव को हस्तांतरित की जा चुकी है और वर्तमान में इसका संचालन पंचायत द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले दो माह से ऑपरेटर को भुगतान नहीं होने के कारण उसने नल संचालन बंद कर दिया था, जिससे गांव में पेयजल संकट गहरा गया था।

मामले की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन ने तत्काल संज्ञान लिया और सरपंच व सचिव को ऑपरेटर का भुगतान करने के निर्देश दिए। प्रशासन के निर्देशों का पालन करते हुए 4 अप्रैल से योजना को पुनः शुरू कर दिया गया, जिससे गांव में जल आपूर्ति बहाल हो गई है।

जानकारी के अनुसार, ग्रामीणों द्वारा जलकर की राशि जमा नहीं किए जाने के कारण भुगतान में समस्या उत्पन्न हुई थी। प्रशासन ने पंचायत को निर्देशित किया है कि भविष्य में ऐसी स्थिति न बने, इसके लिए समय पर जलकर वसूली सुनिश्चित की जाए।

इस पूरे प्रकरण पर मृणाल मीना, कलेक्टर, ने नल-जल योजना को अनावश्यक रूप से बंद रखने के लिए जिम्मेदार अधिकारी-कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

नल-जल योजना पुनः शुरू होने पर ग्रामीणों ने जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है और राहत की सांस ली है।

# लालबर्रा सामूहिक विवाह प्रकिया में भारी अनियमितता

जोड़ा चयन, सामान खरीदी में भ्रष्टाचार का आरोप



**नवभारत, लालबर्रा ।** जनपद पंचायत लालबर्रा में आगामी 19 अप्रैल को सामूहिक विवाह सम्पन्न होंगे। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा सभी ब्लाकों में दो दो सौ जोड़े का नियमानुसार चयन किया जाना है जिसका विधिवत प्रचार प्रसार भी होना है लेकिन जनपद पंचायत लालबर्रा के द्वारा सिर्फ जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व चंद जनपद पंचायत सदस्य के द्वारा नियम विरुद्ध आवेदन लेकर जोड़ो का चयन किया जाने की जानकारी प्राप्त हुई है। जनपद पंचायत द्वारा 1 अप्रैल से आवेदन लिया जाने की चर्चा थी लेकिन गोपनीय तरीके से 7दिन पूर्व ही आवेदन ले लिए गए है इसकी जानकारी ना तो जिला पंचायत अध्यक्ष, सदस्यों 1 ग्राम पंचायत सरपंच को दी गई है और ना ही इसका किसी अखबार में विज्ञापन व प्रचार प्रसार हुआ है। प्राप्त जानकारी अनुसार जनपद पंचायत के कुछ दलाल पूर्व में ही 3, 3 हजार रुपए लेकर फार्म जमा किए हैं। ग्राम पंचायत कार्यालय पांडरवानी लालबर्रा में सम्पन्न हुई एक बैठक में यह मुद्दा सामने आया है जानकारी तो यह भी मिली है कि सामूहिक विवाह में लगने वाली प्रमुख सामग्री बिना टेंडर से तय हो गई है इसमें भी भारी बंदर बांट का खेल समझ आ रहा है हालांकि क्षेत्रीय विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे जी ने बैठक में शामिल मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत श्री मंडलोई जी व सामूहिक विवाह प्रकिया प्रभारी श्री बोकडे को नियमानुसार सामूहिक विवाह सम्पन्न करने की समझाइश दी है।

# प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बनेगा अत्याधुनिक ज्ञान केंद्र

### जनप्रतिनिधि, प्रशासन, शिक्षक, पत्रकार, समाजसेवी और ग्रामीण एकजुट



**नवभारत, परसवाड़ा।** वनांचल क्षेत्र के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में परसवाड़ा से एक ऐसी प्रेरणादायक पहल सामने आई है, जिसने पूरे क्षेत्र में उम्मीद की नई रोशनी जगा दी है। प्रस्तावित अत्याधुनिक सार्वजनिक पुस्तकालय अब केवल एक परियोजना नहीं, बल्कि जनभावनाओं से जुड़ा एक सशक्त जनआंदोलन बनता जा रहा है। जनपद पंचायत परसवाड़ा के सभागार में आयोजित भव्य बैठक में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, शिक्षकों, पत्रकारों, समाजसेवियों और ग्रामीणों की अभूतपूर्व उपस्थिति देखने को मिली। यह आयोजन केवल चर्चा का मंच नहीं रहा, बल्कि सहयोग, संकल्प और सामूहिक जिम्मेदारी का जीवंत उदाहरण बन गया।

बैठक की अध्यक्षता एसडीएम श्रीश प्यासी ने की, जबकि पुस्तकालय के आधार स्तंभ समाजसेवी युवा नेता रामेश्वर धरमलाल कटरे ने अपने अनुभवो के आधार पर मार्गदर्शन दिया । विशेष उपस्थिति जिला पंचायत सदस्य दलसिंह पंद्रे व जिला पंचायत तामेश्वर पटेल ने दर्ज कराई। सभी वक्ताओं ने एक स्वर में इस पहल को क्षेत्र के शैक्षणिक विकास का मील का पत्थर बताया।

युवा समाजसेवी रामेश्वर कटरे ने अपने उद्बोधन में कहा कि बालाघाट जिले के युवाओं में प्रदेश के युवाओं से सबसे अधिक संभावनाएं हैं संसाधनों के अभाव में यहां के कई प्रतिभाशाली युवा छात्र अपनी क्षमता के अनुरूप आगे नहीं बढ़ पाते ।

बड़े शहरों जैसी लाइब्रेरी, मार्गदर्शन और कोचिंग सुविधाओं की कमी उनके सपनों को सीमित कर देती है। इसी आवश्यकता को समझते हुए परसवाड़ा में एक सर्वसुविधायुक्त, आधुनिक पुस्तकालय स्थापित किया जा रहा है—जहां न केवल पुस्तकों का विशाल संग्रह होगा, बल्कि शांत, अनुशासित और प्रेरणादायक अध्ययन वातावरण भी उपलब्ध रहेगा।

उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि जिले के हर ब्लाक मुख्यालयों और ग्राम केंद्रो में गणमान्यजनो से आग्रह करके जनभागीदारी के माध्यम से जगह जगह पर इस तरह की आधुनिक सुविधाओं से युक्त पुस्तकालय प्रारंभ करने की पहल की जाएगी।

इस पहल की सबसे खास बात रही समाज के हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी। सहयोग की घोषणाओं ने यह स्पष्ट कर दिया कि यह पुस्तकालय केवल एक भवन नहीं, बल्कि सामूहिक सपनों का केंद्र होगा।

# देवधर मैदान के खिलाड़ी दिखा रहे आईपीएल 2026 में जौहर

### अरशद खान गुजरात टाइटन्स मे और मंगेश यादव रायल चैलेंजर्स बैंगलौर की टीम मे हुये शामिल



**नवभारत, वारासिवनी।** पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल के नेत्रत्व मे खेल के साथ खिलाडीयो को भी प्रोत्साहित करने का आल इंडिया देवधर ट्राफी वारासिवनी का सपना अब धरातल पर नजर आने लगा है। देश के प्रसिद्व अंतर्राष्टीय खिलाडीयो के वारासिवनी मैदान मे आगमन के बाद छोटे स्तर से क्रिकेट की शुरूवात करने वाले निकट के नगरो के खिलाडी भी राष्टीय मंचो पर अपने नाम को रोशन कर रहे है। आल इंडिया देवधर क्रिकेट ट्राफी वारासिवनी के कई कीर्तिमानों में अब एक नया अध्याय जुड़ते देखा जा रहा है। वर्तमान में इसी मैदान से खेल की बारीकियों को सीखने वाले दो खिलाडी आईपीएल 26 मे गुजरात टाइटन्स और रायल चैलेंजर्स बैंगलौर टीम में प्रमुख रूप से शामिल हुये है।

देवधर क्रिकेट के सदस्य प्रबल जायसवाल से प्राप्त जानकारी अनुसार सिवनी की टीम से सन 2019 तक अरशद खान देवधर ट्राफी में लंबे समय तक खेलने आया करते थे। जिन्हें अभी गुजरात टाइटन्स ने अपनी टीम में शामिल किया है। इसी देवधर मैदान की पहचान एम एच क्लब जबलपुर के सन 2024 के खिलाडी मंगेश यादव को रायल चैलेंजर्स बैंगलौर ने करोड़ो रुपए में हायर कर टीम का मनोबल बढ़ाया है।

दोनों युवा खिलाड़ी की लंबी छलांग पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये देवधर क्लब के सरंक्षक प्रदीप जायसवाल ने कहा की घरेलू मैदान से आईपीएल 2026 तक का सफर कड़ी मेहनत और अटूट समर्पण का प्रतीक है। इस शानदार उपलब्धि के लिए वे दोनो प्रतिभावान खिलाडी अरशद खान व मंगेश यादव को बहुत-बहुत बधाई प्रेषित करते है। इन दोनो खिलाडीयो ने साबित कर दिया है कि सपनों को हकीकत में बदला जा सकता है। अब आईपीएल के बड़े मंच पर अपने टैलेंट का जलवा दिखाने और नई ऊंचाइयों को छूने के लिए उन्हे पूरे देवधर परिवार की तरफ से हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान करते है।

पिछले कई सालो से आल इंडिया देवधर क्रिकेट ट्राफी क्रिकेट के बदलते स्वरूप के साथ अपनी पहचान बनाये रखे हुये है। इसी क्रिकेट के बडे आयोजन से राजनितीक तौर पर सफलता पाने वाले पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल का साथ पिछले तीन दशको से जूडा हुआ है। आज उनके प्रयासो से ही अब ग्रामीण क्षेत्रो मे भी प्रीमियर लीग के नाइट आयोजन तक बडे स्तर पर आयोजित हो रहे है। श्री जायसवाल के प्रयासो से ही वारासिवनी के खेल मैदान मे अंतर्राष्टीय खिलाडी संदीप पाटिल, विनोद कांबली, हरभजन सिंह, गौतम गंभीर, आरपी सिंह का आगमन हो चुका है। जिनके मार्गदर्शन मे बडे बडे खिलाडीयो ने खेल के मैदान की बारिकीया तक उनसे सीख कर आज अपने आप को आईपीएल जैसे बडे राष्टीय मंचो तक पहुचने का जरिया बनाया है।

### कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति को लेकर प्रशासन सख्त

**बालाघाट।** जिले में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति को लेकर प्रशासन ने स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए हैं। वर्तमान वैश्विक भू-राजनीतिक परिस्थितियों और पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के निर्देशों के पालन में राज्य शासन ने एलपीजी सिलेंडरों के वितरण के लिए प्राथमिकता क्रम तय किया है। जिला आपूर्ति अधिकारी श्री आरके ठाकुर ने बताया कि शासन द्वारा निर्धारित मापदंडों एवं प्राप्त मांग के आधार पर ही कमर्शियल तथा एग्जेमटेड कैटेगरी के गैस सिलेंडरों की आपूर्ति की जाएगी। इस संबंध में सभी संबंधित एजेंसियों और वितरकों को निर्देशित किया गया है कि वे ऑयल कंपनियों के दिशा-निर्देशों के अनुसार ही पात्र कनेक्शनधारियों को गैस सिलेंडर उपलब्ध कराएं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसी प्रकार की अनियमितता न हो और आवश्यक सेवाओं को प्राथमिकता के आधार पर गैस उपलब्ध हो सके।

# महिलाओं को टीकाकरण के महत्व पर किया जागरूक

▸ एसएचजी ओरिएंटेशन टीकाकरण कार्यक्रम आयोजित




**नवभारत कटंगी 4 अप्रैल।** क्षेत्र के कामठी ग्राम में स्व-सहायता समूह (एसएचजी) की महिलाओं के साथ एक ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें कटंगी ब्लॉक समन्वयक हिमांशु कुर्वे द्वारा महिलाओं को टीकाकरण के महत्व के बारे में जागरूक किया गया एवं उनकी सक्रिय भागीदारी को सुनिश्चित किया गया।

ओरिएंटेशन के दौरान महिलाओं को बताया गया कि वे गांव में टीकाकरण अभियान को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। उन्हें घर-घर जाकर गर्भवती महिलाओं एवं 0-5 वर्ष तक के बच्चों को टीकाकरण के लिए प्रेरित करने, जीरो डोज कार्यक्रम के तहत ग्राम कामठी में महिला समूहों को टीकाकरण के महत्व को समझाया गया।

## टीकाकरण से जुड़ी अफवाहों को दूर करें

'जीरो डोज' बच्चों की पहचान करने और सत्र में लाभार्थियों को लाने में सहयोग करने के लिए महिलाओं को प्रोत्साहित किया गया। महिलाओं को यह भी समझाया गया कि वे टीकाकरण से जुड़ी अफवाहों को दूर करें, माताओं को सही जानकारी दें और टीकाकरण कार्ड के अनुसार समय-समय पर फॉलो-अप करें। साथ ही, स्वास्थ्य, पोषण एवं स्वच्छता के बारे में भी जानकारी साझा करने पर जोर दिया गया।

### 46 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया

कार्यक्रम में उपस्थित लगभग 46 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और गांव में टीकाकरण को बढ़ावा देने के लिए सहयोग करने का संकल्प लिया। इस ओरिएंटेशन के माध्यम से महिलाओं को 'स्वास्थ्य दूत' के रूप में तैयार किया गया, जिससे गांव में शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने में सहायता मिल पाए। उक्त गतिविधि में कामठी सरपंच करिश्मा कारसरपे, ग्राम संगठन की अध्यक्ष सुनीता भगत एवं अन्य समूह के अध्यक्ष भी उपस्थित रहे।



# शिक्षक पात्रता परीक्षा के विरोध में एकजुट हुए शिक्षक

**नवभारत,जबलपुर।** शिक्षक पात्रता परीक्षा के विरोध में आर पार की लड़ाई के लिए संकल्पित हुए शिक्षक संगठनों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करने के बाद अब सड़क की लड़ाई के लिए संघर्ष का ऐलान कर दिया है। इस क्रम में भोपाल में प्रदेश के समस्त शिक्षक संगठनों ने संयुक्त होकर एक अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा का गठन किया और प्रदेश भर में जिला, ब्लॉक एवं प्रांत स्तर के आंदोलन की विधिवत घोषणा कर दी।

प्रांत स्तर पर हुए निर्णय के समर्थन में जबलपुर के गांधी स्मारक में जिला स्तरीय शिक्षक संगठनों की बैठक आहूत हुई । इसमें राज्य शिक्षक संघ,प्रांतीय शिक्षक संघ,आजाद अध्यापक संघ,शासकीय अध्यापक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सहित अनेक सदस्य शामिल हुए।

बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 8 अप्रैल को संपूर्ण जिले के शिक्षकों के द्वारा जंगी प्रदर्शन करते हुए मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा जबलपुर ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि 8 अप्रैल के जिले स्तरीय प्रदर्शन के बाद 11 अप्रैल को ब्लॉक स्तर पर और 18 अप्रैल को राजधानी भोपाल में प्रदेश भर के शिक्षक संगठनों द्वारा उग्र प्रदर्शन किया जाएगा। इस बैठक में उमाशंकर पटेल नरेंद्र त्रिपाठी. .राकेश उपाध्याय .जगत पटेल. अजय रजक. संध्या अवस्थी. दीपक पटेल. शिव चौबे. महेंद्र अहवासी . संतोष झारिया. मथुरा उपाध्याय . भूमिका पटेल अनिल पटेल राकेश मिश्रा. विनय नामदेव .उमाकांत पटेल दुष्यंत श्रीवास्तव सहित अन्य मौजूद रहे।